

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

MARVELLOUS
A Result Oriented Institute

Since 2011

# 7 April 2022

# MARVELLOUS
## (A Result Oriented Institute)
An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI

Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 7 अप्रैल का इतिहास

- **1948 :** संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य मामलों की एजेंसी विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई इसलिए विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **1939 :** इटली ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अल्बानिया पर कब्जा किया।
- **2000 :** भारत में दिल्ली पुलिस ने करोड़ो रूपये के क्रिकेट मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के रैकेट का पर्दाफाश किया था।
- **1920 :** प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रवि शंकर का जन्म हुआ।
- **2011 :** प्रसिद्ध कवि जानकी वल्लभ शास्त्री का निधन हुआ।

## 7 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स

- घरेलू ई-कॉमर्स दिग्गज, फ्लिपकार्ट समूह ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास पर ध्यान केंद्रित करने और महिलाओं और अन्य वंचित समुदायों के लिए विकास के अवसरों तक समान पहुंच प्रदान करने के साथ एक नया मंच, फ्लिपकार्ट फाउंडेशन का गठन और लॉन्च किया है। फ्लिपकार्ट फाउंडेशन का लक्ष्य आने वाले दशक में फ्लिपकार्ट की सीखों का उपयोग करते हुए कई क्षेत्रों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 20 मिलियन लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करना है। फ्लिपकार्ट फाउंडेशन का संचालन अनुदान आधारित होगा। इसमें योगदान फ्लिपकार्ट समूह और फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध चैरिटी चेकआउट सुविधा के माध्यम से आएगा।
- केंद्र सरकार ने विनय मोहन क्वात्रा को भारत का अगला विदेश सचिव नियुक्त किया है। क्वात्रा नेपाल में भारत के राजदूत हैं। वे हर्षवर्धन श्रृंखला के स्थान पर विदेश सचिव का पद संभालेंगे। वहीं वर्षवर्धन श्रृंखला 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे है। विनय मोहन क्वात्रा की छवि विदेशी कूटनीति के मामलों में बहुत ही अच्छी मानी जाती है। उनकी नियुक्ति से स्पष्ट है कि भारतीय विदेश मंत्रालय का विनय मोहन क्वात्रा पर अटूट विश्वास हैं। केंद्र सरकार ने उन्हें नेपाल में राजदूत बनाने के बाद अब एक बार फिर से बहुत अहम जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है।
- भारतीय खगोलविदों ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष के सहयोग से एक नई धुंधली आकशगंगा की खोज की है। यह शोध एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस आकाशगंगा का ठीक से पता नहीं चल पाया क्योंकि यह बहुत अधिक चमकीली आकाशगंगा के सामने मौजूद थी।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अरूणाभा घोषण को गैर-राज्य उच्च स्तरीय विशेष समूह में नियुक्त किया। अरूणाभा घोष ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद एक जलवायु और ऊर्जा थिंक टैंक की सीईओ हैं। उन्हें 2023 में भारत के G20 प्रेसीडेंसी के लिए भारत सरकार के G20 वित्त ट्रैक सलाहकार समूह में नियुक्त किया गया है। 2021 में उन्हें, इंडोनेशिया के G20 2022 के लिए जलवायु और ऊर्जा पर T20 टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।
- राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा परियोजना के एक हिस्से के रूप में केरल के कोझीकोड शहर के आसपास लगभग 60 आर्थिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित कैमरे लगाए जाऐगे। यह कदम यातायात नियमों के उल्लंघन को उजागर करने और उन्हें ठोस डिजिटल साक्ष्य के साथ बुक करने के उद्देश्य से लागू किया जाएगा। राज्य भर में प्रवर्तन दस्तों के विशेष नियंत्रण कक्षों से जुड़े 726 कैमरे होंगे। राज्य सरकार इस परियोजना पर 225 करोड़ रूपये खर्च करेगी।
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने डॉ. इयान फ्राई को मानव अधिकारों और जलवायु परिवर्तन के लिए दुनिया का पहला स्वतंत्र विशेषज्ञ नियुक्त किया है। डॉ.फ्राई को तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। उनके पास तुवालु और ऑस्ट्रेलिया की दोहरी नागरिकता है। पद संभालने वाले पहले इयान फ्राई होंगे, जिनके पास ऑस्ट्रेलियाई और तुवालुअन दोनों राष्ट्रीयताएं हैं।
- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कृषि में प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी। वर्ष 2021 में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा इंडिया डिजिटल इकोसिस्टम ऑफ एग्रीकल्चर पर एक परामर्श पत्र जारी किया गया जो कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की बात करता है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु में वन्नियाकुला क्षत्रिय समुदाय के लिये 10.5 प्रतिशत आंतरिक आरक्षण को रद्द कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि वन्नियाकुला क्षत्रिय समुदाय को 10.5% आंतरिक आरक्षण समानता, गैर-भेदभाव और तमिलनाडु में 115 अन्य अति पिछड़े समुदायों तथा विमुक्त समुदायों के समान अवसर के मौलिक अधिकारों का उल्लघंन करता है।
- भारतीय राष्ट्रपति पहली बार तुर्कमेनिस्तान की यात्रा की गई जहाँ उन्होंने वित्तीय, खुफिया और आपदा प्रबंधन सहित चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये तथा बहुआयामी साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिय द्विपक्षीय व्यापार एवं ऊर्जा सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की। इससे पहले आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और तुर्कमेनिस्तान के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए थे।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 7 अप्रैल (B) 8 अप्रैल
(C) 9 अप्रैल (D) 11 अप्रैल

**(A)** हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एवं लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल सके, इस मकसद से यह दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को साल 1948 को 7 अप्रैल के दिन विश्व स्वास्थ्स संगठन की तरफ से पहली बैठक में प्रस्तावित किया गया था।

विश्व स्वास्थ्य दिवस 2022




**2. टाटा समूह अपने बहुप्रतीक्षित सुपर ऐप Neu को लॉन्च कब कर रहा है ?**

(A) 7 अप्रैल (B) 8 अप्रैल
(C) 9 अप्रैल (D) 11 अप्रैल

**(A)** 7 अप्रैल को टाटा समूह अपने बहुप्रतीक्षित सुपर ऐप Neu को लॉन्च करेगा। यह सॉफ्टवेयर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। टाटा समूह का मुख्य लक्ष्य अपने डिजिटल डिवीजन का विस्तार करना है ताकि वह अमेजन, फ्लिपकार्ट और रिलायंस समूह के जियोमार्ट जैसे बाजार के नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके।




**3. 350 टी-20 मैच खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी कौन बन गए हैं ?**

(A) सुरेश रैना (B) महेंद्र सिंह धोनी
(C) रवींद्र जडेजा (D) ऋषभ पंत

**(B)** महेंद्र सिंह धोनी इस मैच के 350 टी20 मैच खेलने वाले दूसरे भारतीय बन चुकेहै। इस मामले में धोनी से आगे रोहित शर्मा का नाम है, जिन्होंने 372 टी20 मैच खेले है। धोनी के बाद इस लिस्ट में सुरेश रैना का नाम है, जिन्होंने 336 मुकाबले खेले, जबकि 329 मैचों के साथ दिनेश कार्तिक चौथे स्थान पर मौजूद है।




**4. प्रसारण क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रसारण सेवा पोर्टल को किसने लॉन्च किया है ?**

(A) भूपेंद्र यादव (B) अनुराग सिंह ठाकुर
(C) गजेंद्र सिंह शेखावत (D) गिरिराज सिंह

**(B)** केंद्रीय सूचना प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रसारण सेवा पोर्टल लॉन्च किया है। इसके तहत सरकार की और से जरूरी किसी भी तरह की अनुमति और स्वीकृति पाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएगी। यह ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल आवेदनों के टर्नअराउंड समय को कम करेगा और साथ ही आवेदकों को प्रगति को ट्रैक करने में मदद करेगा, जिससे कि सरकार के कार्यों में पारदर्शिता लाने और इसे और अधिक जवाबदेह बनाने में मदद मिलेगी।




**5. ICC महिला विश्व कप 2022 किसने जीता ?**

(A) भारत (B) न्यूजीलैंड
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इंग्लैंड

**(C)** ऑस्ट्रेलिया ने 2022 महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड को 71 रनों से हराकर 7वीं बार इस खिताब पर कब्जा किया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले खेलते हुए 356 रनों का विशाल स्कोर बनाया था। जवाब में इंग्लैंड की टीम 43.4 ओवर में 285 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।



**6. हाल ही में किसने ऑपरेशन उपलब्ध शुरू किया ?**

(A) CISF (B) RPF

(C) UPP (D) NDRF

**(B)** हाल ही में रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध टिकटिंग पर एक महीने तक चलने वाले अखिल भारतीय अभियान ऑपरेशन उपलब्ध के हिस्से के रूप में 1459 दलालों को हिरासत में लिया और 366 आईआरसीटीसी एजेंट आईडी और 6751 व्यक्तिगत आईडी को अवरूद्ध कर दिया।




**7. हाल ही में RBI ने बैंकों के लिए ATM में लॉक करने योग्य कैसेट का उपयोग करने की समय सीमा कितने वर्ष बढ़ा दी है ?**

(A) एक वर्ष (B) दो वर्ष

(C) तीन वर्ष (D) चार वर्ष

**(A)** हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको के लिए ATM में लॉक करने योग्य कैसेट का उपयोग करने की समय सीमा एक वर्ष बढ़ा दी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को अपने एटीएम में लॉक करने योग्य कैसेट का उपयोग करने की समय सीमा 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी है, जिसे नकद पुनःपूर्ति के दौरान एक वर्ष तक स्वैप किया जा सकता है।





**8. क्रंच टाइमः नरेंद्र मोदीज नेशनल सिक्योरिटी क्राइसिस नामक पुस्तक किसने लिखी है?**

(A) विजय चौलिया (B) अमिताभ बच्चन

(C) श्रीराम चौलिया (D) अक्षय कुमार

**(C)** हाल ही में इस पुस्तका का विमोचन दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने किया। यह पुस्तक देश को भारत के बाहरी विरोधियों द्वारा उत्पन्न सुरक्षा खतरों से बचाने के लिए राज्य में बहुत आवश्यक जनता के विश्वास पर प्रकाश डालती है। यह पुस्तक चीन और पाकिस्तान के साथ संकट के दौरान पीएम मोदी का निर्णय लेने की श्रृंखला का विश्लेषण करती है।




**9. हाल ही में किसने Ambedkar Young Entrepreneur-Mentor Programme लॉन्च करने की घोषणा की ?**

(A) बिहार सरकार (B) पंजाब सरकार

(C) ओडिशा सरकार (D) भारत सरकार

**(D)** सरकार उन महत्वाकांक्षी उद्यमियों की मदद करने के लिए एक योजना अंबेडकर यंग एटरपेन्योर मेंटर प्रोग्राम शुरू करने जा रहे है जो SC और OBC समुदाय से संबंधित है और उद्यम पूंजी निधि प्राप्त करने में विफल रहे है। उद्यम पूंजी निधि योजना के तहत सरकार अनूसुचित जाति के उद्यमियों को अधिकतम 6 वर्ष की अवधि के लिए 15 करोड़ रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।





**10. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने State of World Population) रिपोर्ट प्रकाशित की इसमें 2015 से 2019 के बीच अनपेक्षित गर्भधारण में सालाना कितनी वृद्धि आंकी गई है ?**

(A) 110 मिलियन (B) 121 मिलियन

(C) 150 मिलियन (D) 160 मिलियन

**(B)** इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2019 के बीच अनपेक्षित गर्भधारण में वृद्धि हुई थी, जिसकी संख्या दुनिया भर में सालाना लगभग 121 मिलियन थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोविड-19 महामारी के पहले 12 महीनों के दौरान गर्भनिरोधक आपूर्ति में व्यवधान आया, जिसके कारण लगभग 1.4 मिलियन अनपेक्षित गर्भधारण की सूचना मिली है।



# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

### (A RESULT ORIENTED INSTITUTE )

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**

**MR. VIPIN JAIN SIR**

**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics

MPA Public Administration , NET

MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET

MPS Political Science , NET Qualified

MSO Sociology

MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**

**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**